सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

भाद्र 07, मंगलवार, *शाके* 1945-अगस्त 29, 2023

Bhadra 07, Tuesday , Saka 1945- August 29, 2023

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 07, 2023

संख्या एफ.15(55)पंरावि / विधि / पुनर्गठन / जोधपुर / 2022 / 414 :- राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-9(3) में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलक्टर, जोधपुर को पंचायत समिति लोहावट की ग्राम पंचायत धाराबागापुराण के नाम व पंचायत कार्यालय का स्थान परिवर्तित कर, ग्राम पंचायत भईयों की ढाणी करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने, सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण करने एवं उन पर सुनवाई करने के पश्चात तैयार किये गये प्रस्तावों को राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के लिए अधिकृत किया जाता है ।

आज्ञा से,
रवि जैन,
शासन सचिव एवं आयुक्त।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।